

मातृभूमि ट्रेलर... फौजी वर्दी में सलमान खान बोले- एक बिहारी सौ पर भारी...

सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' के ट्रेलर का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फाइनली सलमान की इस फिल्म का नया ट्रेलर जारी किया जा चुका है। फिल्म के ट्रेलर ने लोगों का दिल जीत लिया है। यह फिल्म भारतीय जवानों की वीरता, अटूट साहस और राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान को समर्पित है।

सलमान खान की अपकमिंग देशभक्ति वाली युद्ध-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अपूर्व लखिया के डायरेक्शन और सलमान खान फिल्म्स के तहत प्रोड्यूस की गई इस फिल्म के ट्रेलर ने रिलीज होते ही फैंस का दिल गदगद कर दिया है। इसी के साथ फिल्म के थिएटर रिलीज की भी जानकारी सामने आई है।

बता दें कि इस फिल्म की कहानी 15 जून 2020 को गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प पर बेस्ड है। इसमें सलमान खान एक भारतीय सेना अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं। उनका किरदार कर्नल बिकुमल्ला संतोष से प्रेरित बताया गया है। फिल्म भारत और चीन के टकराव और उसमें लड़ने वाले सैनिकों के आसपास की घटनाओं को दिखाती है। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही प्रशांत तमांग भी कलाकारों का हिस्सा हैं।

'मातृभूमि' ट्रेलर में सलमान अपने फौजी रोल में जंच रहे हैं-करीब 4 मिनट ×5 सेकंड का ये ट्रेलर काफी दमदार नजर आ रहा है। ट्रेलर की शुरुआत सलमान खान के डायलॉग से होती है जहां भारती-चीन की सीमा पर अटैक की झलकियां हैं और वे कहते नजर आ रहे हैं, 'इस जगह ने हमारी जगह दिखा दी। उधर चीन भारत पर हमला की तैयारी कर रहा, जहां ऑफिसपर चाइनीज भाषा नमें कहते सुनाई दे रहा है, 'हमारी खुफिया रिपोर्ट कहती है कि पहाड़ी विहार टाइगर बटालियान अपने सबसे बेहतरीन कमांडर को भेज रही है। हमने उनके बारे में सुना है, उनके सैनिक उनका बहुत सम्मान करते हैं। वे आगे रहकर नेतृत्व करने के लिए मशहूर हैं। उनके लिए उनके सैनिक आग में भी कूद सकते हैं। वहां पर दो कमांडर्स आमने सामने होंगे, जो एक ही मिट्टी के बने हैं।' इसी के साथ चीनी सैनिकों की विशाल टुकड़ी से भारतीय सैनिक भिड़ते दिख रहे हैं। इस दौरान सलमान अपने फौजी रोल में जंच रहे हैं।

कहानी जून 2020 की उस ऐतिहासिक रात की-इस फिल्म की कहानी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव के हालात बढ़ने से शुरू होती है। ये कहानी जून 2020 की उस ऐतिहासिक रात की है जब लगभग 200 भारतीय सैनिकों (16 बिहार रेजिमेंट) ने विपरीत और दुर्गम परिस्थितियों में अपनी सीमा की रक्षा के लिए लगभग 1,200 चीनी सैनिकों का डटकर सामना किया था। फिल्म में जांबाज भारतीय सेना अधिकारी कर्नल बिकुमल्ला संतोष बाबू के किरदार में सलमान ने एक बार फिर से अपने फैंस को अपना कायल बना लिया है।

4 दिसंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म-वैरायटी इंडिया के मुताबिक, 'मातृभूमि: मे वार रेस्ट इन पीस' के मेकर्स ने 20 नवंबर को रिलीज़ डेट तय की थी। हालांकि अब खबर है कि फिल्म की रिलीज डेट बढ़ा दी गई है और अब ये 4 दिसंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' जारी-हाल ही में सलमान खान ने बुधवार को अपने फैंस के लिए 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' जारी किया है। यह गाना सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहा है। सलमान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह रिकॉर्डिंग स्टूडियो में गाना गाते हुए नजर आ रहे हैं। गाने के प्रमोशनल पोस्टर में सलमान हेडफोन पहने हुए मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस गाने को हिमेश रेशमिया ने संगीत दिया है, जबकि इसे सलमान और सिंगर मुस्कान ने गाया है। संगीत साजिद खान ने तैयार किया है। इस गाने का वीडियो शेयर करते सलमान ने लिखा, 'डिपार्चर टाइम सुबह 5:12 बजे, फ्लाइट टाइम पर है, 2 पैग हो चुके हैं, अपनी सेक्सी ब्यूटी के साथ उड़ान भर रहा हूं, पता नहीं कहां लैंड करूंगा। गाना तेरी सेक्सी ब्यूटी रिलीज हो गया है।'

पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवान' रखा गया था-बता दें कि पहले सलमान खान की इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवान' रखा गया था। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन 2024 में शुरू हो गया था और मार्च 2026 में मेकर्स ने फिल्म का नाम बदलकर मातृभूमि कर दिया।

फिल्म का नाम बदले जाने के पीछे की वजब भू-राजनीतिक संवेदनशीलता, सरकारी और रणनीतिक सलाह तथा फिल्म के विषय में बदलाव बताए गए। कुछ रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया गया था कि सलमान खान को कुछ रणनीतिक और आधिकारिक हलकों से यह सलाह मिली है कि वे फिल्म का नाम बदलें और इसमें मौजूद चीन विरोधी हिस्सों को कुछ नरम करें। दरअसल दिसंबर 2025 में फिल्म का टीजर आया था जिसके बाद खबर आई कि चीनी सरकारी मीडिया ने इसकी आलोचना की और आरोप लगाया था कि यह गलवान घाटी के संघर्ष से जुड़े तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।



करीना के 200 साल पुराने हार पर कुरान की आयत को लेकर विवाद...

अभिनेत्री करीना कपूर खान का दिवाली लुक इन दिनों चर्चा में है। इस बार उनके पहनावे से ज्यादा गले में पहना गया पन्ना हार विवाद की वजह बन गया है। इस आभूषण पर कुरान की पवित्र आयत %आयत-उल-कुर्सी% खुदी हुई है। इसे लेकर कांग्रेस नेता अब्बास हफीज ने अभिनेत्री को कानूनी नोटिस भेजा है।

200 साल पुराने आभूषण को लेकर उठे सवाल-करीना ने दिवाली के मौके पर सिल्वर रंग का कफ्तान और उससे मेल खाती पगड़ी पहनी थी। इसके साथ उन्होंने 30 कैरेट का पन्ना जड़ा पेंडेंट पहना। उनकी स्टाइलिस्ट रिया कपूर के मुताबिक, यह करीब 200 साल पुराना पारिवारिक आभूषण है, जिसका संबंध भोपाल के पूर्व शाही परिवार से रहा है। यह आभूषण करीना के पति सैफ अली खान के परिवार के जरिए उनके पास आया है।

तस्वीरें हटाने और माफी की मांग-अब्बास हफीज ने नोटिस में धार्मिक आयत को फैशन के आभूषण के रूप में प्रदर्शित किए जाने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने करीना से सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरें और वीडियो हटाने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा भविष्य में धार्मिक प्रतीकों के सम्मान का आश्वासन देने की मांग की है।

इस मामले में हिंदू उत्सव समिति ने करीना का समर्थन किया है। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि अभिनेत्री को अपनी पसंद के आभूषण पहनने और दिवाली मनाने की स्वतंत्रता है। इस तरह विवाद का केंद्र करीना का पहनावा नहीं, बल्कि पेंडेंट पर लिखी धार्मिक आयत का सार्वजनिक प्रदर्शन बन गया है।

विवादों में घिरी दिव्या अग्रवाल

टीवी एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने एक्स बॉयफ्रेंड प्रियांक शर्मा के साथ रिश्ते और नेशनल टेलीविजन पर हुए ब्रेकअप को लेकर खुलकर बात की है।

दिव्या और प्रियांक की जोड़ी को 'स्प्लिट्सविला' के दौरान खूब पसंद किया गया था। दोनों का प्यार, रोमांस और फिर रिश्ते में आई दरार लंबे समय तक सुर्खियों में रही। दिव्या ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि आज भी फैंस उनकी जोड़ी को पसंद करते हैं। अपने रिश्ते को टॉक्सिक कहे जाने पर दिव्या ने कहा कि उस वक्त दोनों की उम्र करीब 24 साल थी। वे अपने इमोशंस में बहकर बातें कह देते थे और यह नहीं सोचते थे कि आगे क्या होगा। दिव्या के मुताबिक, उस उम्र में उन्हें लगता था कि सब कुछ अपने आप ठीक हो जाएगा, लेकिन छोटी-छोटी बातें भी बड़ा मुद्दा बन जाती थीं।

दिव्या और प्रियांक के ब्रेकअप ने उस वक्त खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब दिव्या ने साफ किया कि उनके रिश्ते में जो कुछ हुआ, वह किसी शो की स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं था। उन्होंने कहा, उस समय हम दोनों अपने फैसलों को लेकर बहुत अस्थिर थे। हमें लगता था कि यह नहीं तो वह सही। दिव्या के मुताबिक, उस दौर में उनके इमोशंस और रिएक्शन असली थे, कंटेंट के लिए नहीं।

पुराने रिश्ते को पीछे छोड़ चुकीं दिव्या ने बताया कि अब प्रियांक के साथ उनका रिश्ता ठीक और सौहार्दपूर्ण है। वह उनके लिए अच्छा चाहती हैं और उन्हें शुभकामनाएं देती हैं। दिव्या ने कहा कि उस रिश्ते में टीनएज वाली मस्ती, रोना-धोना और हर बात को बहुत गहराई से महसूस करना था। अब वह पहले जैसी भावनाएं महसूस नहीं करतीं।

हुमा कुरैशी की 'महारानी 5' में होगा सियासत का बड़ा खेल

हुमा कुरैशी अब फिर से रानी भारती बनकर फैंस का दिल जीतने आ रही हैं। हुमा की चर्चित वेब सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन का फैंस को बेसब्री से इंतजार था। अब फाइनली उनका इंतजार खत्म हो चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो हुमा की ये सीरीज जनवरी 2027 में रिलीज हो सकती है। खबरों की मानें तो इस सीरीज की शूटिंग भी कंप्लीट हो चुकी है। अब फैंस की नजर इसके टीजर पर टिकी हैं, जो रानी भारती की अगली राजनीतिक लड़ाई की झलक लेकर आने वाला है।

हुमा कुरैशी एक बार फिर वेब सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन में रानी भारती के रोल में धाक जमाने आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पॉलिटिकल ड्रामा सीरीज का अगला सीजन जनवरी 2027 में आ सकता है। कहा तो ये भी जा रहा है कि इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। मेकर्स जल्द ही इसके टीजर की भी तैयारी कर रहे हैं। फैंस को अब इस सीरीज के लिए ज्यादा वक्त इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

हुमा कुरैशी ने अपने करियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन उनका महारानी वाला रोल लोगों ने काफी पसंद किया था। अब इस सीरीज का अगला पार्ट आने को तैयार है। हुमा के फैंस के लिए ये खबर किसी तोहफे से कम नहीं। अब सभी की नजरें इस सीरीज के टीजर पर टिकी हैं।

फिर राजनीति की दुनिया में दमखम दिखाएंगी हुमा कुरैशी-हुमा कुरैशी ने साल 2021 में आई सीरीज 'महारानी' में रानी भारती का रोल निभाकर दर्शकों को हैरान कर दिया था। इस सीरीज में उन्होंने एक आम घरेलू महिला से ताकतवर राजनीतिक नेता बनने की कहानी को पर्दे पर उकेरा था। अब इस सीरीज का पांचवा सीजन आने वाला है। इस बार भी हुमा रानी भारती के रोल में धाक जमाने आ रही हैं। इस बार कहानी में काफी कुछ नया होगा। 'वैरायटी इंडिया' की रिपोर्ट के मुताबिक, सीरीज का टीजर 1 नवंबर को रिलीज होने की उम्मीद थी। हालांकि, रविवार दोपहर 1 बजे तक मेकर्स की तरफ से इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई थी। ऐसे में टीजर की रिलीज को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट बनी हुई है।





कौन है ये हसीना, जिसने जेलर 2 में मचाई तबाही?

जेलर 2 में अपेक्षा पोरवाल ने फिल्म में छोटा मगर एक अहम रोल प्ले किया था। वो जेलर 2 में क्लाइमैक्स के दौरान रजनीकांत के किरदार टाइगर मुथुवेल पांड्यन की मदद के लिए आती हैं। जेलर 2 में अपेक्षा पोरवाल का छोटा स्क्रीनटाइम था। मगर उसमें भी उन्होंने पूरी तरह असर छोड़ने का काम किया। फिल्म में उनके काम को काफी सराहना मिल रही है।

अपेक्षा एक बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने पहली बार किसी साउथ की फिल्म में काम किया। इससे पहले वो हिंदी फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स कर चुकी हैं। अपेक्षा को जिन प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है, उसमें सोनी लिव की सीरीज अनदेखी है। इसके अलावा उन्होंने अरबी में बनी ऐतिहासिक वेब सीरीज स्लेव मार्केट में भी काम किया था।

अपेक्षा के नाम कई सारे ब्यूटी पेजेंट भी हैं। साल 2009 में वो मिस टीन इंडिया इंटरनेशनल की विजेता रहीं। फिर साल 2015 में उन्होंने दो टाइटल- फेमिना मिस इंडिया दिल्ली और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया। इन दोनों में से अपेक्षा ने एक खिताब अपने नाम किया, और दूसरे में वो फाइनलिस्ट बनकर रह गईं। साल 2017 में वो मिस डीवा यूनिवर्स इंडिया का हिस्सा बनी थीं, जिसमें वो सेकंड रनर-अप आईं।



मिर्जापुर की बीना भाभी.. रसिका दुग्गल ने खोले शूटिंग के कई राज

मिर्जापुर वेब सीरीज हो या फिर मिर्जापुर द मूवी इसमें बीना भाभी का किरदार निभा रही रसिका दुग्गल के कई बोल्ड और इंटीमेट सीन्स हैं। मिर्जापुर फ्रेंचाइजी से ही इस अदाकारा की एक अलग पहचान बनी है। सवाल है कि क्या ऐसे सीन करने में रसिका कंफर्टेबल होती है और इसे किस तरह से शूट किया जाता है? रसिका ने खुद इसके बारे में बताया, आइए जानते हैं।

रसिका के मुताबिक, आजकल इंटीमेट सीन्स को सिर्फ एक्टर्स और डायरेक्टर के बीच की बातचीत पर नहीं छोड़ा जाता। इसके लिए इंटीमेसी कोऑर्डिनेटर की मदद ली जाती है, जो पूरे सीक्वेंस को प्रोफेशनल तरीके से प्लान और कोऑर्डिनेट करते हैं।

इंटीमेसी कोऑर्डिनेटर का क्या काम होता है?-रसिका ने इसकी तुलना डांस सीक्वेंस के कोरियोग्राफर और एक्शन सीन के फाइट मास्टर से की। जैसे एक्शन सीन में फाइट मास्टर मूवमेंट और सुरक्षा का ध्यान रखता है, उसी तरह इंटीमेसी कोऑर्डिनेटर फिजिकल सीन की प्लानिंग में मदद करता है। अदाकारा ने बताया

'शूटिंग से पहले एक्टर्स के साथ वर्कशॉप और रिहर्सल की जाती है। इसमें यह समझा जाता है कि कौन-सी चीज किस एक्टर के लिए सहज है और किससे उसे परेशानी हो सकती है। इसके बाद डायरेक्टर की जरूरत के मुताबिक सीन को किस तरह फिल्माया जाए, इस पर चर्चा होती है। अगर किसी एक्टर को किसी खास मूवमेंट या सीन को लेकर असहजता हो, तो उसी इमोशन या इफेक्ट को दिखाने का दूसरा तरीका तलाशा जाता है।'



अगर किसी एक्टर को किसी सीन को लेकर असहजता हो, तो उसी इमोशन या इफेक्ट को दिखाने का दूसरा तरीका तलाशा जाता है

क्लोड सेट का भी रखा जाता है ध्यान-इंटीमेट सीन की शूटिंग के दौरान क्लोड सेट भी अहम होता है। इसका मतलब है कि उस वक्त सेट पर सिर्फ वही लोग मौजूद रहते हैं, जिनकी सीन के लिए जरूरत होती है। रसिका ने बताया कि' इंटीमेसी कोऑर्डिनेटर होने से यह भी स्पष्ट रहता है कि सेट पर किसे मौजूद रहना है और किसे नहीं। इससे एक्टर्स को यादा सुरक्षित और सहज माहौल मिलता है।'

'मिर्जापुर' के पहले सीजन में नहीं था ऐसा सिस्टम-रसिका ने यह भी साफ किया कि मिर्जापुर के पहले सीजन की शूटिंग के दौरान इंटीमेसी कोऑर्डिनेटर मौजूद नहीं थे। उस समय भारत में यह कॉन्सेप्ट अभी उतना लागू नहीं हुआ था। हालांकि, एक्ट्रेस ने उस दौर की अपनी यूनिट और डायरेक्टर्स को संवेदनशील बताया। उनके मुताबिक, टीम उनकी चिंताओं और सहजता का ध्यान रखती थी।